nt>

Title: Regarding agitation of farmers against the discriminatory policies of the Government and need to protect the interest of the paddy growers.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदय, आज पूर्व प्रधान मंत्री श्री देवे गौड्डा के नेतृत्व में देशभर के किसान जुट रहे हैं, जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन करने आए हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। देशभर में हर तरह के किसान तबाह हो रहे हैं। इसलिए आन्दोलन का वातावरण है। आज किसानों का बड़ा भारी प्रदर्शन हो रहा है जिसे पूर्व प्रधान मंत्री श्री देवे गौड्डा और श्री वी.पी. सिंह सम्बोधित करेंगे। यह केवल किसानों की तबाही नहीं है बल्कि सरकार भेदभाव भी कर रही है। पंजाब, आंध्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ जो व्यवहार हुआ, बिहार के साथ वह व्यवहार नहीं हो रहा है। सरकार की ओर से किसानों के लिए भेदभाव की नीति बरती जा रही है। यह सरकार की ओर से देशद्रोही कार्यवाही है। इसलिए दिल्ली और बिहार की भेदभाव करने वाली सरकार के खिलाफ किसानों के नेतृत्व में आदोलन होगा। पंजाब के सिवाए और कहीं कानून लागू नहीं हो रहा है। धान की उगाही पंजाब की तरह हो, मैं यह मांग करता हूं नहीं तो आन्दोलन होगा। मैं सरकार को सावधान करता हूं और चुनौती देता हूं। बिहार के मंत्री नौकरी कर रहे हैं। बिहार के किसानों का भला नहीं हो रहा है, उनको बराबरी भी नहीं मिल रही है और अनीति हो रही है। मैं सदन से आह्वान करता हूं कि किसान विरोधी सरकार को मजा चखाए और उसे पस्त करे।

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (SILCHAR): Sir, we also support him.

अध्यक्ष महोदय : आप भी उतनी ही जोर की टोन में सपोर्ट कीजिए।